नरोरा परमाणु विद्युत संयंत्र की इकाई-2 में उत्पादन

*174. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नरोरा परमाणु विद्युत संयंत्र के इकाई-2 में 1990-91 के दौरान उत्पादन शुरू होना था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि यह लक्ष्य पूरा किये जाने की संभावना नहीं है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्य कारण हैं ; और

(घ) क्या यह भी सच है कि निर्धारित अवधि के भीतर परियोजना का कार्य पूरा न किये जाने के कारण, इसकी लागत में भी वृद्धि हो रही है ; यदि हां, तो इसकी लागत में कितनी वद्धि होने की संभावना है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० एम०जी०के० मेनन) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) नरोरा परमाणु बिजली घर के दूसरे यूनिट के लिये अगस्त, 1990 में क्रांतिकता प्राप्त करने का जो लक्ष्य शुरू में निर्धारित किया गया था उसे आगे बढ़ाकर अब दिसम्बर, 1990 कर दिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार काम पूरा कर लेने और उसके बाद छः महीने की अवधि के भीतर वाणिज्यिक स्तर पर विद्युत उत्पादन शुरू कर देने के लिये सभी प्रयास किये जा रहे हैं ।

(घ) नरोरा परमाणु विद्युत परियोजना पर आने वाली लागत में विभिन्न कारणों से वृद्धि होगी। इन कारणों में निर्धारित कार्यक्रम का आगे बढ़ाया जाना भी शामिल है। इस संबध में अध्ययन किया जा रहा है ।

सी ओ० डी०, इलाहाबाद के निकट भूमि का अर्जन

*175. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सी ओ०डी , इलाहाबाद के निकट 1700 एकड़ भूमि के अर्जन की योजना का परित्याग कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह कार्यवाही रक्षा मंत्रालय के निर्देश पर की गयी थी ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजा रमन्ना) : (क) जी, नहीं । परन्तु भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई तभी शुरू हो सकती है जब राज्य सरकार से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र" प्राप्त हो जाये ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

Inclusion of plan for development of handlooms in the 8th Five Year Plan

*176. SHRI KOTAIAH PRAGADA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether any plan for the development of handlooms has been formulated and included in the 8th Five Year Plan; and

(b) if so the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI BHAGEY GOBARDHAN): (a) and (b) Development plan for handloom industry for Eighth Plan is under preparation and details will be incorporated in Plan document.